दिन– सोमवार दिनांक– 20 ⁄ 10 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कुल एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में। नाम वापसी के अंतिम दिन इकसठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए।

02 दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की समय सीमा आज समाप्त हुयी। कल नामांकन पत्रों की होगी जांच। प्रत्याशी तेईस अक्टूबर तक ले सकेंगे नाम वापस।

03. विधानसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद महागठबंधन के घटक दल कांग्रेस, राजद और सीपीआई लगभग दस सीटों पर आमने–सामने।

04. और, प्रकाश पर्व, दीपावली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कुल एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इकसठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए। इस चरण के तहत कुल एक हजार छह सौ नब्बे उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था, जिसमें एक हजार तीन सौ पचहत्तर उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाये गये थे। सबसे अधिक बीस–बीस उम्मीदवार मुजफ्फरपुर और कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, सबसे कम पांच उम्मीदवार अलौली, परबत्ता और भोरे विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। पटना जिले के चौदह विधानसभा क्षेत्रों में नाम वापसी के बाद एक सौ उनचास उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन ने बताया कि सबसे अधिक चौदह प्रत्याशी पालीगंज निर्वाचन क्षेत्र में है। वहीं, सबसे कम आठ प्रत्याशी मोकामा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। गौरतलब है कि पहले चरण के चुनाव के लिए आज नाम वापसी की अंतिम तिथि थी। इस चरण के तहत अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों के लिए छह नवम्बर को मतदान होना है।

---

इधर, दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हो गयी। इस चरण के तहत ग्यारह नवम्बर को बीस जिलों के एक सौ बाईस

निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है। नामांकन पत्रों की कल जांच की जाएगी और उम्मीदवार तेईस अक्टूबर तक नाम वापस ले सकते हैं।

---

दूसरे चरण के चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन आज कई उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किये। हमारे संवाददाता ने बताया कि कई बागी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा।

———रिपोर्ट———

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से, अमौर से जलील मस्तान, पूर्णिया से जितेन्द्र यादव और सुपौल से मिन्नत रहमानी ने नामांकन पत्र भरा। सुपौल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के बागी अनुपम ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया। इधर, राजद की श्वेता सुमन ने मोहनियां सुरक्षित सीट से, पूर्व मंत्री ब्रजकिशोर बिन्द ने चैनपुर से, कौशल यादव ने नवादा से, बैद्यनाथ मेहता ने निर्मली से, चंदन कुमार ने रून्नीसैदपुर से, श्वेता पूर्वे ने परिहार से, मुकेश कुमार यादव ने बाजपट्टी से और ओबरा से ऋषि कुमार ने नामांकन किया। राजद के बागी और गोविन्दपुर के निवर्तमान विधायक मोहम्मद कामरान ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। परिहार से राजद नेत्री रितु जायसवाल ने बगावत करते हुए स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया। वीआईपी की अपर्णा कुमारी ने विहपुर से पर्चा दाखिल किया। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की रानी कुमारी ने मखदुमपुर से, उदय सिंह ने शेरघाटी और नितेश सिंह ने कसबा विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। गोपालपुर से जदयू के बुलो मंडल ने अपना पर्चा भरा। एआईएमआईएम के सरबर आलम ने कोचाधामन से, शम्स आगाज ने किशनगंज से और गुलाम हसनैन ने ठाकुरगंज सीट से नामांकन पत्र भरा। दूसरी तरफ, जनसुराज की सुजाता वैद्य ने अमरपुर से और कौशल किशोर ने बांका सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। बहुजन समाज पार्टी के राणा रणधीर सिंह चौहान ने बेलसंड से नामांकन किया। भोजपुरी गायक और अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने काराकाट विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र भरा। समाचार कक्ष से निखिल रंजन।

---

तारापुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय सकलदेव बिन्द ने भाजपा उम्मीदवार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समर्थन में अपना नामांकन वापस ले लिया है। साथ ही उन्होंने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण कर ली है।

---

विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद महागठबंधन के घटक दलों राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी और सीपीआई माले, सीपीआई और सीपीएम के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर स्थिति लगभग स्पष्ट हो गयी है। एक रिपोर्ट.....

———रिपोर्ट———

राष्ट्रीय जनता दल ने 143, कांग्रेस ने 61, सीपीआई माले ने 20 और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी, वीआईपी ने 15 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा सीपीआई ने 09 और सीपीएम ने 04 सीटों पर प्रत्याशी दिये हैं। साथ ही आईपी गुप्ता के नेतृत्व वाली इंडियन इंक्लूसिव पार्टी, आईआईपी ने 04 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये हैं। लगभग 10 ऐसी सीटें हैं, जहां महागठबंधन के घटक दल आमने–सामने हैं। इनमें से 06 सीटों पर राजद और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। ये सीटें हैं– सिकंदरा, कहलगांव, सुल्तानगंज, वैशाली, लालगंज और वारिसलीगंज। इसके अलावा 04 ऐसी सीटें हैं, जहां कांग्रेस और सीपीआई के

उम्मीदवार आमने–सामने हैं। ये सीटें हैं–बछवाड़ा, करगहर, बिहारशरीफ और राजापाकड़। दूसरे चरण के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद ही पूरा परिदृश्य स्पष्ट होगा। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार।

---

राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गयी है। उन्होंने कहा कि वैसी सीटों पर नजर है, जहां घटक दलों के प्रत्याशी एक–दूसरे के खिलाफ हैं।

–––बाइट–––

---

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन में सीटों के बटवारे को लेकर उत्पन्न विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस ने गठबंधन धर्म का हमेशा पालन किया लेकिन कुछ स्वार्थी तत्व महागठबंधन को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं।

–––बाइट–––

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि महागठबंधन के घटक दलों ने एक–दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि एक गठबंधन नहीं चला सकने वाले लोग सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं।

–––बाइट–––

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि महागठबंधन पूरी तरह बिखर चुका है। श्री पासवान ने कहा कि घटक दलों के बीच आपसी कलह को दोस्ताना मुकाबले का नाम देना कहीं से उचित नहीं है।

–––बाइट–––

---

निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी संवेदनशील बूथों पर केन्द्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती की जाएगी। सभी जिलों में

पुलिस, होमगार्ड, बिहार सशस्त्र पुलिस बल और केंद्रीय बलों की तैनाती की जाएगी। गृह विभाग के सचिव अरविन्द चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय सशस्त्र बलों की एक हजार कंपनियां आ चुकी हैं। इन कंपनियों के जवानों को शहरी और ग्रामीण इलाकों में पेट्रोलिंग और चेकपोस्ट पर जांच में लगाया गया है। गृह सचिव ने कहा कि मतदान से पहले ईवीएम और मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में भी केन्द्रीय सशस्त्र बलों को लगाया जाएगा। श्री चौधरी ने बताया कि सीमा शुल्क विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियां भी चुनाव प्रक्रिया में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तेईस सीमावर्ती जिलों में तीन सौ तिरानवे चेक पोस्ट बनाये गये हैं।

---

प्रकाश पर्व दीपावली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दीपावली पर मंदिरों, घरों और सार्वजनिक स्थानों को दीपों तथा रंगीन रोशनियों से सजाया गया है। एक रिपोर्ट––

––-रिपोर्ट–––

दीपज्योतिः परब्रह्म दीपज्योतिर्जनार्दनः।
दीपो हरतु मे पापं दीपज्योतिर्नमोऽस्तु ते।।

ज्योतिपर्व दीपावली आज धार्मिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। आध्यात्मिक रूप से यह पर्व अन्धकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। हिन्दू सनातन संस्कृति में दीपावली से संबंधित कई मान्यताएं हैं। माना जाता है कि आज ही के दिन प्रभु श्री राम 14 वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या वापस आए थे। इस अवसर पर अयोध्या वासियों ने उनके स्वागत में दीपक जलाए थे। दीपावली को सिख, बौद्ध और जैन धर्म के लोग भी विशेष रूप से मनाते हैं। जैन धर्म के लोग इसे भगवान महावीर के मोक्ष के रूप में मनाते हैं और सिख समुदाय इस बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाता है। दीपावली पर्व पर कोई अपने प्रिय जनों को महंगे उपहार देता है। तो कोई अपने घरों को रंग बिरंगी लडियों से सजाता है। लेकिन इस बीच हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे देश में ही कुछ कामगार ऐसे भी हैं। जिनकी दीपावली हमसे ही है अर्थात जब हम उनके बनाए हुए उत्पादों की खरीद करेंगे, तभी उनके घर भी दीपावली पर खुशी की रोशनी से जगमगाएंगे। इसीलिए जितना हो सके इस दीपावली स्वदेशी उत्पादों की खरीद करें और माध्यम बने इन घरेलू उत्पादों को बनाने वाले लोगों के चेहरे की मुस्कान का और साथ ही संकल्प ले स्वदेशी के मंत्र को अपनाने का आकाशवाणी की ओर से आप सभी को दीपावली की बहुत–बहुत शुभकामनाएं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीपावली के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गोवा और कारवार के तट पर आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ दीपोत्सव मनाया। भारतीय सशस्त्र बलों के साथ दिवाली मनाने की अपनी वार्षिक परंपरा को जारी रखते हुए, श्री मोदी ने कहा कि आईएनएस विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है; यह इक्कीसवीं सदी के भारत की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा है कि तीनों सेनाओं के बीच

असाधारण समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले वर्ष में, श्री मोदी ने लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में वहां तैनात सैनिकों के साथ दिवाली की रात बिताई थी।

---

भारतीय रेल ने इस बार छठ पूजा के अवसर पर बारह हजार से अधिक रेल गाड़ियों के परिचालन की व्यापक योजना बनाई है। रेलवे बोर्ड में सूचना और प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि सभी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। साथ ही सभी स्टेशनों पर टिकट काउंटरों की सुविधा बढ़ाई गई है।

---बाइट---

---

पटना के कदमकुंआ थाना क्षेत्र अंतर्गत मैला टंकी के पास अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कुल एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में। नाम वापसी के अंतिम दिन इकसठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए।

02 दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की समय सीमा आज समाप्त हुयी। कल नामांकन पत्रों की होगी जांच। प्रत्याशी तेईस अक्टूबर तक ले सकेंगे नाम वापस।

03. विधानसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद महागठबंधन के घटक दल कांग्रेस, राजद और सीपीआई लगभग दस सीटों पर आमने–सामने।

04. और, प्रकाश पर्व, दीपावली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।